प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 18.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने देशवासियों से वर्ष 2047 तक भारत को जल सुरक्षित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को गंभीर मानकर सभी को मिलकर जल बचाने का काम करना चाहिए। श्री पाटिल आज उदयपुर में आयोजित किये जा रहे ''वाटर विजन–2047'' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पानी की बढती आवश्यकता मद्देनजर गांव का पानी गांव में ही रोककर जल संचय पर जोर दिया। इस दौरान श्री पाटिल ने रामजल सेतु **लिंक** परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि इससे राजस्थान की पेयजल समस्या दूर होगी। करीब दस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बडी संख्या में लोगों तक पीने का पानी पंहुचेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि राज्य में जल संचय के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। कर्मभूमि से मातृ भूमि योजना के तहत राज्य के 45 हजार गांवों में एक लाख साठ हजार ट्यूबवेल लगाने का लक्ष्य रखा गया हैं। योजना के माध्यम से अब तक साठ हजार ट्यूबवेल लगाये जा चुके है। उन्होंने योजना में प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों की भूमिका की सराहना भी की। सम्मेलन में लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बी डी मिश्रा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, विधायक तथा अधिकारी उपस्थित है। राष्ट्रीय जल मिशन और जलशक्ति मंत्रालय की ओर से हो रहे इस सम्मेलन में जल प्रशासन को मजबूत करने, जल भंडारण और आपूर्ति को बढाने, पीने के पानी और सिंचाई के लिए जल वितरण सेवा बेहतर बनाने पर विचार किया जा रहा है।

000000

केन्द्र सरकार ने सरकारी वेबसाइट्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकरूपता लाने के लिए डिजिटल ब्रांड पहचान नियमावली जारी की। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने नई दिल्ली में यह नियमावली लॉन्च की। इस अवसर पर, श्री प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि यह महत्वाकांक्षी पहल देश के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगी।

000000

निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश के सरकारी और निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब बनाये गये है। शिक्षा विभाग अगले शैक्षणिक सत्र से क्लब की गतिविधियों को अपने शिविरा कैलेंडर में शामिल करेगा। क्लब का उद्देश्य भावी मतदाताओं को जागरूक कर चुनाव की प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय में क्लब विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतान्त्रिक व्यवस्था, चुनाव प्रक्रिया और आदर्श चुनाव आचार संहिता विषयों पर जानकारी साझा कर रहा है। इन गतिविधियों में नाटक, उद्बोधन, भाषण, गीत और कविता शामिल है। शाला दर्पण पोर्टल और प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर क्लब से संबंधित सूचनाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्कूल साक्षरता क्लब और संस्था प्रधानों को ब्लॉक तथा जिला स्तर पर आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्वामी रामकृष्ण परमहंस को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 'मां काली' के प्रति गहरी भक्ति ने उनके अनुयायियों को काफी प्रभावित किया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी स्वामी परमहंस जी की जयंति पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी की ओजस्वी शिक्षाएं हमेशा मानव कल्याण और समाज सेवा के लिए मार्गदर्शन करती रहेंगी।

000000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले दो दिन मौसम में बदलाव जारी रहने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी 24 घंटों में शेखावाटी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश

या बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं कल और परसो उत्तर–पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कई हिस्सों में बादल छाये रहने और कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। इससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। साथ ही 30–40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने आज जयपुर, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, नागौर, दौसा, सवाईमाधोपुर, टोंक, अजमेर, अलवर और करौली में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस बीच आज राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की बारिश हुई। अजमेर और करौली में बूंदाबांदी हुई। बारां और झुंझुनूं में सुबह से ही बादल छाये हुए है।

000000

''मन की बात'' रेडियो मासिक कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने सुझाव 21 फरवरी तक दे सकते हैं। इन्हें टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेजा जा सकता है। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी भेजा जा सकता हैं। नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ये रेडियो कार्यक्रम 23 फरवरी को प्रसारित होगा।

000